





# कलेक्टर के सामने से गुजरे रेत भरे दो ट्रैक्टर-ट्रॉली, थाने में रखवाए

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 19 नवंबर।** कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ बुधवार को सुमावली विधानसभा क्षेत्र के

**कीरतपुर हल्का पटवारी निलंबित, बमनपुरा, निधान, कीरतपुर में स्कूल, आंबा भवनों सहित विकास कार्यों का निरीक्षण**

गांवों में औचक निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने स्कूल, आंगनबाड़ी भवनों का निरीक्षण किया। नल-जल योजना के तहत घरों में नल कनेक्शन नहीं पाए जाने पर नाराजगी जताई। निधान गांव में कलेक्टर जब पहुंचें तभी उनके सामने से चंबल की रेत से भरे दो ट्रेक्टर-ट्रॉली फर्राटे भरते हुए गुजरे, ट्रेक्टर ने दोनों ट्रेक्टर-ट्रॉली को पकड़वा कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। ग्रामीणों की शिकायत पर कीरतपुर गांव की पटवारी रजनी इंदौरिया को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश दिए।

कलेक्टर सबसे पहले शाप्रावि बमनपुरा पहुंचे। उन्होंने कक्षाओं में अध्ययनरत छात्रों को एकरूपता से विषय पढ़ाने, स्कूल परिसर में स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिए। साथ ही छात्रों की संख्या बढ़ाने हेतु शिक्षकों को घर-घर संपर्क कर विद्यार्थियों को विद्यालय लाने के निर्देश भी प्रदान किए। इसके बाद कलेक्टर जांगिड़ ने ग्राम कीरतपुर के जाटव मौहल्ला का निरीक्षण किया। उन्होंने अवैध अतिक्रमण को तत्काल हटाने के निर्देश दिए। निर्बाध बिजली आपूर्ति को लाइनें बिछाने, मोहल्ले में सीसी खरंजा निर्माण तथा जल निकासी के लिए नाली बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। गांव में नल-जल योजना की पाइप लाइन तो बिछा दी गई, लेकिन घरों में कनेक्शन नहीं किए थे, जिसे शीघ्र पूरा कराने के लिए पीएचई के अधिकारियों को कहा।

**कीरतपुर में कम मिली छात्र संख्या, शिक्षकों से कहा घरों से लाएं बच्चे :** शाप्रावि कीरतपुर में छात्रों की संख्या अत्यंत कम संख्या मिली। जिस पर कलेक्टर ने शिक्षकों को छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने घर-घर संपर्क करने के लिए कहा। वहीं आंगनबाड़ी केंद्र के पास जलभराव मिलने पर नाराजगी जताते हुए कहा कि शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाकर नाली निर्माण कराएं। इस दौरान जौरा एसडीएम शुभम शर्मा, जनपद सीईओ श्रीवास्तव, पंचायतों के सरपंच, सचिव, जीआरएस मौजूद रहे।



**जिपं सीईओ गुरेमा गौशाला पहुंचे, किया निरीक्षण**

जिपं सीईओ कमलेश कुमार भार्गव बुधवार को सबलगढ़ जनपद की गुरेमा पंचायत में गौशाला का निरीक्षण करने पहुंचे। इस गोशाला का संचालन बाबू बाबा स्व-सहायता समूह द्वारा किया जा रहा था। यहां कुछ कमियां मिलीं, जिन्हें दूर करने के निर्देश उन्होंने पंचायत सचिवों और समूह संचालकों को दिए। इस अवसर पर जनपद सीईओ सबलगढ़, एडीओ, पीसीओ, एपीओ, एसई, एई, सरपंच और सचिव, जीआरएस मौजूद थे विभागीय कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की ।

# 104 किग्रा गांजे समेत पकड़े 5 तस्करों को 10-10 साल जेल

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 19 नवंबर।** ट्रक में गमलों के नीचे 106 किग्रा गांजा छिपाकर तस्करी करते हुए पकड़े गए 5 आरोपियों को न्यायालय सप्तम विशेष न्यायाधीश विनय भारद्वाज ने दोषी मानते हुए 10-10 साल कैद और एक-एक लाख जुर्माने की सजा से दण्डित किए जाने का फैसला सुनाया है।

अभियोजन से मिली जानकारी के अनुसार 3 जून 2023 को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अंबाह बायपास से सड़क किनारे खड़े ट्रक क्रमांक एमपी07-एचबी-3458 को पकड़ा था। चैकिंग के दौरान ट्रक से 104 किग्रा गांजा बरामद हुआ। जो ट्रक में गमलों के नीचे छुपाकर रखा गया था। इसी ट्रक के पास एक सेंट्रो कार क्रमांक सीजी18-सी-0568 भी खड़ी थी। ट्रक व कार से पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया। जिनमें बल्लू उर्फसोनू रजक, जितेंद्र पाल, मुकुट यादव, संजू लोधी, बिट्टू यादव शामिल थे। न्यायालय में प्रकरण के विचारण के दौरान न्यायाधीश ने आरोपी बल्लू उर्फ सोनू रजक, जितेंद्र पाल, मुकुट यादव, बिट्टू यादव व मिथुन परमार को दोषी करार देते हुए 10-10 साल की सजा और एक-एक लाख रुपए के जुर्माने से दंडित किया है। इस प्रकरण में एक अभियुक्त अभी तक फरार बना हुआ है। न्यायालय में शासन की ओर से पैरवी अपर लोक अभियोजक संदीप मिश्रा ने की।

## जानकारी न देने पर 5 पंचायत सचिवों पर 7500 जुर्माना

**मुरैना, 19 नवबर।** लोकसेवा गारंटी पोर्टल पर प्राप्त होने वाले आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण नहीं करने पर पांच पंचायत सचिवों के ऊपर 7500 रुपए का जुर्माना कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने किया है। जिन सचिवों पर जुर्माना किया गया है, उनमें ग्राम पंचायत अटार के सचिव धीरसिंह अटारिया, रामपुरकलां पंचायत सचिव वीरभान सिंह जादौन, विसंगपुरा पंचायत सचिव अवधेश सिंह पर 500-500 रुपए और सुमावली पंचायत सचिव पुष्पेन्द्र जादौन पर 1250 रुपए, मिरघान पंचायत सचिव सूरजभान सिंह गुर्जर पर 4 हजार 750 रुपए का जुर्माना लगाया गया है। आहरण एवं संवितरण अधिकारी द्वारा उक्त प्रतिकर की राशि शीघ्र आहरित की जाकर 30 दिन के अंदर संबंधित हितग्राही को भुगतान की जाएगी।

# अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम का गुमटी संचालकों से हुआ विवाद

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/कैलारस, 19 नवंबर।** कस्बा कैलारस में गांधी मार्ग रेलवे फाटक पर अतिक्रमण को हटाने

**कैलारस में गांधी मार्ग फाटक पर हुई घटना, नपा ने की पुलिस से शिकायत**



पहुंचीं नगर परिषद की टीम का गुमटी संचालकों से विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर टीम ने कार्रवाई को रोक दिया। जिसके बाद पुलिस थाने पहुंचकर कार्रवाई में बाधा डाल रहे गुमटी संचालकों की शिकायत की। हालांकि खबर लिखे जाने तक पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया था।

जानकारी के अनुसार अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत नगर परिषद का मदाखलत दस्ता बुधवार को कस्बे में गांधी मार्ग फाटक पर अतिक्रमणों को हटाने पहुंचा था। कार्रवाई के दौरान मदाखलत दस्ते में शामिल कर्मचारियों का गुमटी संचालकों से विवाद हो गया। दोनों पक्षों के बीच बहस के बाद विवाद बढ़ा तो हालात तनावपूर्ण हो गए। विवाद के बढ़ने पर नगर परिषद कर्मचारियों ने कार्रवाई को रोक दिया। जिसके बाद नपा सीएमओ रामप्रकाश जगनेरिया, सफाई दरोगा वीरेन्द्र बाल्मीक के साथ नगर परिषद कर्मचारी कैलारस पुलिस थाने पहुंचें और लिखित आवेदन देकर पुलिस को घटना से अवगत कराया। समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की थी।

# रानी लक्ष्मीबाई की जयंती पर शिशु मंदिर में हुईं प्रतियोगिताएं

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 19 नवंबर।** देश की आजादी के लिए 1857 की क्रांति में अंग्रेजों के सामने युद्ध कौशल का प्रदर्शन कर नारीशक्ति का अहसास कराने वाली झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की जयंती बुधवार को शिक्षा नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिनमें विद्यालय की बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।



प्रतियोगिताओं में बतौर निर्णायक श्रीमती अंजली परमार, श्रीमती अर्चना सिकरवार, श्रीमती सुधा तोमर उपस्थित रहीं। सामूहिक गीत प्रतियोगिता में कक्षा-9 की परी शर्मा, दामिनी कुशवाह, दीप्ति तोमर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में रूप सज्जा प्रतियोगिता में कक्षा-5 की नैंसी कुलश्रेष्ठ-प्रथम, प्रांजल उप्रेती-द्वितीय, साव्या शर्मा तीसरे स्थान पर रहीं। चित्रकला प्रतियोगिता में कक्षा-9 की राशि कुशवाह को प्रथम, वैष्णवी शर्मा को दूसरा और कक्षा-7 की वंशिका शर्मा को तीसरा स्थान मिला। इस मौके पर श्रीमती अंजलि परमार ने कहा कि रानी लक्ष्मीबाई के जीवन पर आधारित प्रतियोगिताओं के माध्यम से छात्राओं में देशभक्ति की भावना, साहस और ऊर्जा का संचार होगा।

# रानी लक्ष्मीबाई के जीवन से मिलती है संघर्ष-साहस की प्रेरणा



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 19 नवंबर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मुरैना इकाई द्वारा रानी लक्ष्मीबाई जयंती के उपलक्ष्य में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि मुरैना महिला थाना प्रभारी नेहा शुक्ला मौजूद रहीं।

नगर अध्यक्ष डॉ. विनायक सिंह तोमर ने कार्यक्रम रूपरेखा रखी। उन्होंने संगोष्ठी के उद्देश्य, विषय की प्रासंगिकता तथा परिषद की राष्ट्रहित एवं छात्रहित में निरंतर सक्रिय भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी परिषद सदैव लोकतंत्र की रक्षा और राष्ट्रीय चेतना के संवर्धन हेतु कार्यरत रही है। विशिष्ट अतिथि ज्ञान सिंह उच्चारिया ने रानी लक्ष्मीबाई के जीवन-संघर्ष का स्मरण कराते हुए विद्यार्थियों में राष्ट्रभावना और कर्तव्यनिष्ठा जाग्रत करने का संदेश दिया। मुख्य अतिथि नेहा शुक्ला ने कहा कि रानी लक्ष्मीबाई साहस, शौर्य, नेतृत्व और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक हैं।

अंत में आभार नगर सहमंत्री हर्षिता शर्मा ने वयक्त किया। इस मौके पर आशीष नगाइच, सचिन शर्मा, श्रीराम उपाध्याय, प्रभा तोमर सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बीईओ को धमकी देने वाले संकुल प्राचार्य-शिक्षक को नोटिस

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 19 नवंबर।** ब्लॉक शिक्षा अधिकारी पीएल शर्मा को जान से मारने की धमकी देने वाले मिडिल

**पूर्व मंत्री रावत का भतीजा बताकर शिक्षक, संकुल प्राचार्य ने फोन पर दी थी धमकी**

स्कूल पिपरघान में पदस्थ शिक्षक पदमचंद्र रावत को जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कुमार सक्सैना ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इसके साथ ही शासकीय उमावि जीनफील्ड के प्रभारी प्राचार्य पूरनलाल कश्यप को इस मामले में सहआरोपी मानते हुए नोटिस जारी किया गया है। क्योंकि पूरनलाल कश्यप मॉडल स्कूल का प्रभार हटाए जाने से क्षुब्ध थे, इसलिए उन्होंने पदम रावत को भड़काकर बीईओ को गालियां और जान से मारने की धमकी दिलवाई थी।

यहां बता दें कि 5-6 नवंबर को शिक्षक पदमचंद्र रावत और बीईओ पीएल शर्मा के बीच हुई बातचीत का ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें पदमचंद्र रावत अपने ही विभाग के बीईओ को फोन करके न सिर्फ अभद्रता कर रहे थे बल्कि उन्होंने बीईओ को गोली मार देने की धमकी तक दे डाली थी। इस ऑडियो के वायरल होने के बाद बीईओ पीएल शर्मा ने जहां आरोपी शिक्षक के विरुद्ध थाने में लिखित आवेदन देकर शिकायत की थी, वहीं विभागीय तौर पर भी उन्होंने कार्रवाई की मांग की थी। इस पर डीईओ एसके सक्सैना ने धमकी देने वाले शिक्षक पदमचंद्र रावत, भड़काने वाले संकुल प्राचार्य पूरनलाल कश्यप और शामावि रैमजा का पुरा में पदस्थ शिक्षक उत्तम रावत को नोटिस जारी कर 15 दिन में जबाव मांगा है। जबाव नहीं देने पर तीनों शिक्षकों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

**मैं पूर्वमंत्री रामनिवास रावत का भतीजा हूं, तू ब्राह्मणवाद कर रहा है, यह ठीक नहीं**

संकुल प्राचार्य पूरन कश्यप और पिपरघान में पदस्थ शिक्षक पदमचंद्र रावत ने जब बीईओ को धमकी दी थी, उससे पहले रैमजा का पुरा में पदस्थ शिक्षक उत्तम रावत ने बीईओ के मोबाइल पर कॉल करके धमकाया था कि मैं रामनिवास रावत का भतीजा बोल रहा हूं। आपने मॉडल स्कूल के प्रभार में ब्राह्मणवाद किया है, जो ठीक नहीं। इसकी भी शिकायत बीईओ ने अपने विभागीय अधिकारियों से की थी, इस पर उत्तम रावत को भी नोटिस जारी किया गया है।


# 18 खंबों से लाईन काट ले गए चोर

**मुरैना/सबलगढ़, 19 नवंबर।** तहसील की ग्राम पंचायत संतोषपुर, रूपा का तोर, खेरला गांव में खेतों के बीच लगे सात ट्रांसफार्मर से जुड़े 18 बिजली खंबों से चोर बिजली लाइन काटकर ले गए। ग्रामीणों ने बताया कि 8-9 नवंबर की रात अज्ञात चोर 18 खंबों पर लगी बिजली कंपनी की लाइनें काटकर ले गए। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत बिजली विभाग के कार्यपालन यंत्री से की है। कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष और वरिष्ठ नेता सुरेंद्र सिंह जादौन का कहना है कि इस समय किसान गेहूं की बोवनी कर रहे हैं। वहीं सरसों फसल में भी पानी देना है। ऐसे में बिजली लाइनों को तत्काल डलवाकर लाइन चालू कराई जाए। इस संबंध में बद्री सिंह उपेंद्र सिंह सुरेंद्र सिंह अंते सिंह धर्म सिंह भीम सिंह आदि किसानों ने बिजली विभाग से मांग की है कि जल्दी से जल्दी जिन पोलो से तार चोरी गए उन पर जल्दी से जल्दी तार दुबारा खींचे जाए जिससे किसानों को समय पर पानी के लिए बिजली मिल सके।

**इनका कहना है...**

बिजली लाइनों के चोरी होने की घटना पता चली है। मौके पर जेई को भेजा था। विद्युत खंबों पर पुन: तार खींचने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

**- आरके मौर्य, कार्यपालन यंत्री सबलगढ़**




## पटेल की जयंती पर 21 को मुरैना में रन फॉर यूनिटी दौड़

**मुरैना, 19 नवंबर।** सरदार बल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर भाजपा की जिला इकाई के तत्वावधान में मुरैना शहर में 21 नवंबर को रन फॉर यूनिटी दौड़ का आयोजन किया जाएगा। रन फॉर यूनिटी दौड़ शहर के फाटक बाहर क्षेत्र से शुरू होगी, जिसे मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर हरी झंडी दिखाएंगे। यह जानकारी मुरैना-श्योपुर सांसद शिवमंगल सिंह तोमर ने बुधवार को पत्रकारों से चर्चा करते दी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष कमलेश कुशवाह, भाजपा जिला महामंत्री अरविंद सिकरवार गुडुआ और सह मीडिया प्रभारी संजय डंडौतिया भी मौजूद थे। सांसद तोमर ने बताया कि सरदार बल्लभभाई पटेल का व्यक्तित्व जितना विराट था, उतने ही भव्य स्वरूप में पीएम नरेंद्र मोदी उनकी स्मृतियों को संजोने का प्रयास कर रहे हैं। पटेल की 150वीं जयंती पर होने वाली रन फॉर यूनिटी दौड़ सिर्फएक आयोजन नहीं, बल्कि समाज में भाईचारा, राष्ट्रभाव और संकल्प शक्ति को जगाने वाला अभियान है। उन्होंने कहा कि यूनिटी मार्च फाटक बाहर से शुरू होकर महादेव नाका, सदर बाजार, हनुमान चौराहे होते हुए स्वामी विवेकानंद स्मारक तक जाएगी। जिसमें शहर के छात्र, खिलाड़ी और नागरिक भाग लेंगे।

# त्याग व बलिदान की प्रतिमूर्ति थीं स्व . इंदिरा गांधी : गजेन्द्र

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 19 नवंबर।** जिला कांग्रेस के सदर बाजार स्थित कार्यालय पर कांग्रेसियों ने देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री और अदम्य साहस की प्रतीक इंदिरा गांधी की

**जयंती पर जिलेभर में कांग्रेसियों ने किया याद, हुए कार्यक्रम**




जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर शहर कांग्रेस जिलाध्यक्ष गजेन्द्र जाटव ने कहा कि स्व. इंदिरा ने अपने दृढ़ नेतृत्व, स्पष्ट नीतियों और राष्ट्रहित सर्वोपरि की भावना से भारत को अंतरराष्ट्रीय मंच पर एक मजबूत आवाज दी थी। देश में हरित क्रांति से लेकर बांग्लादेश मुक्ति संग्राम तक उनके कार्यकाल ने भारत की दिशा और दशा दोनों को नई ऊँचाइयों तक पहुंचाया। स्व. इंदिरा गांधी त्याग और बलिदान की प्रतिमूर्ति थीं।

कार्यक्रम में कांग्रेस के जिला प्रवक्ता हरीश पाठक ने भी स्व. इंदिरा गांधी के जीवन पर प्रकाश डाला और उनके द्वारा अपने प्रधानमंत्रित्व काल में किए गए ऐतिहासिक कार्यों से उपस्थितजन को अवगत कराया। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा, रामहेत पिप्पल, हरीराम पचौरिया, गौरव चतुर्वेदी, नरेश यादव, कमल उपाध्याय, बालवीर दौनेरिया, हकीम कुरेशी, शैलू गुर्जर, सरफुद्दीन शाह, बंगाली बाबू, बैजनाथ पिप्पल, आकाश खटीक, रवि कुशवाह, मोनू खटीक, वसीम खान, पदम थापा आदि उपस्थित थे।

**जौरा में भी कांग्रेसियों ने मनाई स्व . इंदिरा गांधी की जयंती**



पूर्व पीएम स्व . इंदिरा गांधी की जयंती जौरा में कांग्रेसियों ने श्रद्धाभाव के साथ मनाई। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ . सुरेश शर्मा के निवास पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें स्व . इंदिरा गांधी के चित्र पर माल्यापर्ण कर उन्हें याद किया गया। वक्ताओं ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में जौरा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार सिकरवार, मुरारीलाल अमर, दिलीप सिंह गुर्जर, अशोक त्यागी, राकेश गोयल, महेश शर्मा आदि उपस्थित थे।

# ऑपरेशन मुस्कान : विक्टर स्कूल में सेमीनार आयोजित





**मुरैना, 19 नवंबर।** छात्र-छात्राओं को अपराध के प्रति जागरुक बनाने के लिए पुलिस विभाग द्वारा इन दिनों ऑपरेशन मुस्कान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत बुधवार को विक्टर कॉन्वेंट हाईस्कूल के सीबीएसई कैंपस में सेमीनार का आयोजन किया गया। सेमीनार में महिला थाना प्रभारी निरीक्षक श्रीमती नेहा शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित थीं। सेमीनार में कक्षा-1 से कक्षा-12 तक के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस दौरान निरीक्षक नेहा शर्मा ने बच्चों को मानव तस्करी के बढ़ते अपराधों से अवगत कराया और इस प्रकार की घटनाओं से सर्तक रहने और बचाव के लिए विभिन्न उपाय बताए। सेमीनार में बच्चों को गुड टच-बैड टच के बारे में सरल एवं प्रभावी तरीके से समझाया गया। सेमीनार में बच्चों को सायबर अपराधों से बचने के लिए सुरक्षित तरीके से इंटरनेट का उपयोग करने की जानकारी दी गई। सेमीनार में आरक्षक प्रह्लाद सिंह यादव, महिला आरक्षक श्रीमती शशिलता मरकाम, संस्था के डायरेक्टर समीर बांदिल, प्राचार्य आनंद सिकरवार सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।



## शिकहरा में 45 लाख की शासकीय भूमि से हटाए कब्जे

**मुरैना/पोरसा, 19 नवंबर।** तहसील पोरसा के अंतर्गत ग्राम पंचायत शिकहरा में बुधवार को 45 लाख कीमती शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई एसडीएम अंबाह रामनिवास सिंह सिकरवार के निर्देश पर पोरसा तहसीलदार नवीन भारद्वाज ने राजस्व टीम और पुलिस फोर्स के साथ मिलकर की।

तहसीलदार के नेतृत्व में टीम ने शिकहरा मौजा के सर्वे क्रं. 2495 रकबा 6.69 हेक्टेयर एवं 2494 रकबा 1.46 हेक्टेयर भूमि से जेसीबी मशीन की मदद से अतिक्रमण हटाए गए। करीब 45 लाख कीमती इस जमीन पर संजू पुत्र नाथू सिंह भदौरिया, विष्णु पुत्र रनसिंह भदौरिया निवासी शिकहरा ने अवैध रूप से अतिक्रमण किया हुआ था। कार्रवाई में नायब तहसीलदार केके शर्मा, आरआई देवेन्द्र नरवरिया, पटवारी यतेन्द्र सिकरवार, शैलेन्द्र तोमर, अरविंद सिकरवार, पंकज तोमर, रमन सेंगर सहित बड़ी संख्या में पुलिस के जवान शामिल थे।

**नेशनल लोक अदालत 13 को :** नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 दिसंबर को किया जाएगा। जिसके लिए कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने सभी विभागों को निर्देश दिए हैं।


**आम सूचना**

श्री अरविन्द सिंह परमार पुत्र श्री घनश्याम सिंह परमार के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड क्र.बी-89, स्थित ए.बी. रोड से दूर, ग्राम छौंदा, तहसील व जिला मुरैना (म.प्र.) है जो नगर पालिका निगम वार्ड क्र.44 में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र.334 ग्राम छौदा का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 800 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है :- पूर्व में-भूखण्ड क्र.88, पश्चिम में-रास्ता 20 फुट चौडा, उत्तर में-रास्ता 25 फुट बौड़ा एवं दक्षिण में-भूखण्ड क्र.90 है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री शिव सिंह, श्री खलक सिंह, श्री भारत सिंह, श्री वीरेन्द्र सिंह पुत्रगण श्री भोलाराम, फूलवती पुत्री श्री भोलाराम के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री खलक सिंह एवं अन्य द्वारा उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति 1. श्रीमती लता बंसल पत्नी श्री देवेन्द्र बसल, 2. श्रीमती मंजू बसल पत्नी श्री नरेन्द्र कुमार बंसल को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.5743 दिनांक 31.12.2011 से विक्रय की गई। 1. श्रीमती लता बंसल, 2. श्रीमती मंजू बंसल द्वारा सम्पत्ति रकबा 0.45 आरे मैसर्स कुंजबिहारी डेवलपर्स जर्ये पार्टनर श्री प्रदीप रातीर पुत्र श्री लक्ष्मण सिंह राठौर को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. एमपी25792018ए1733836 दिनांक 01.11.2018 से विक्रय की गई। मैसर्स कुंजबिहारी डेवलपर्स जर्ये पार्टनर श्री प्रदीप राठौर द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री अरविन्द सिंह परमार पुत्र श्री घनश्याम सिंह परमार को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी25792019ए 1594502 दिनांक 22.08.2019 से विक्रय की गई। श्री अरविन्द सिंह परमार द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार आवास फायनेंसियर्स लिमिटेड वित्तीय संस्थान के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्व क्रमांक के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित-निहित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इरा सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृप्या सूचित हो।

प्रेषक

नीरज जैन, एडवोकेट

कार्या-भवन क्र.52. कैलाश विहार फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र)

मो.नं.98276-72710